कब्जा मुक्त | 150 में से 60 एकड़ जमीन कब्जा मुक्त, ऊर्जा विभाग को सौंपी गई 21.2640 जमीन

# नैनपुर में स्थापित होगा बायोमास प्लेट्स प्लांट





## 150 एकड़ बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, विकास कार्य ठप

वोट बैंक की राजनीति या प्रशासनिक अनदेखी, करोड़ों की जनउपयोगी भूमि पर पक्ष-विपक्ष का मौन गठबंधन

नैनपुर, नवभारत। अपनी सक्रियता और आंदोलनों के लिए पहचाना जाने वाला नैनपुर नगर इन दिनों एक गंभीर मुद्दे पर रहस्यमयी चुप्पी साधे हुए है। नगर के वार्ड नंबर 7, इटका उमरिया और ग्राम गौझी पाइली क्षेत्र में लगभग 150 एकड़ शासकीय भूमि पर कुछ रसूखदारों द्वारा अवैध कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है। विडंबना यह है कि करोड़ों की यह जमीन नगर के विस्तार और जनहितकारी योजनाओं के लिए संजीवनी साबित हो सकती थी, लेकिन अतिक्रमणकारियों के आगे नियम-कानून बौने साबित हो रहे हैं।

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार यह भूमि नगर विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसी जमीन पर सौर ऊर्जा संयंत्र, उपजेल, खेल मैदान और आवासहीनों के लिए योजनाएं प्रस्तावित हैं। भूमि उपलब्ध न होने के कारण नैनपुर का केंद्रीय विद्यालय, अस्पताल और बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य नगर से काफी दूर कराए जा रहे हैं। जबकि उक्त कब्जा क्षेत्र बाईपास मार्ग से लगा हुआ है, जो आवागमन के लिहाज से सर्वथा उपयुक्त है।

**राजनीतिक संरक्षण और वोट बैंक का डर**

सूत्रों का दावा है कि इस अवैध कब्जे में सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों से जुड़े प्रभावशाली लोग शामिल हैं। यही कारण है कि स्थानीय स्तर पर चर्चाएं तो बहुत हैं, लेकिन कोई भी खुलकर सामने आने को तैयार नहीं है। आगामी नगर पालिका चुनावों को देखते हुए संभावित उम्मीदवार अपना वोट बैंक खराब होने के डर से इस गंभीर मुद्दे पर मौन हैं। राजनीतिक संरक्षण के चलते ही अब तक इस बेशकीमती जमीन को मुक्त नहीं कराया जा सका है।

**नोटिस का खेल और गोलमोल जांच**

राजस्व विभाग ने औपचारिकता निभाते हुए कब्जाधारियों को नोटिस तो थमा दिए हैं, लेकिन धरातल पर कार्रवाई शून्य है। स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि क्या प्रशासन केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रहेगा या नैनपुर के भविष्य के लिए इस जमीन को मुक्त कराएगा।

नैनपुर, नवभारत। विगत दिवस नवभारत अखबार में 150 एकड़ बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, विकास कार्य ठप की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशन के बाद शुक्रवार दोपहर प्रशासनिक अमले ने नैनपुर की शासकीय भूमि कर अतिक्रमण हटाकर नोडल एजेंसी विद्युत विभाग नैनपुर को लगभग 60 एकड़ के करीब विभिन्न स्थानों में प्लांट के लिए जमीन आवंटित कर दी है।

इस जमीन पर बरसों से नैनपुर के कब्जाधारी फसल लगा रहे थे, प्रशासनिक दखल के बाद उन्होंने अपने कब्जे स्वत ही छोड़ दिए और शासन को जमीन सौंप दी। इस दौरान पुलिस, नगर पालिका प्रशासन, बिजली विभाग, राजस्व विभाग से तहसीलदार समेत समस्त पटवारी मौका स्थल पर मौजूद रहे।

जानकारी अनुसार जिले में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कलेक्टर न्यायालय द्वारा तहसील नैनपुर के ग्राम इटका में बायोमास प्लेट्स प्लांट निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई है। जिला कलेक्टर द्वारा 10 मार्च को जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग को कुल 21.2640 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित की गई है।

### नजूल समिति के निर्णय पर मुहर

यह आवंटन मप्र नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 के तहत किया गया है। जिला नजूल निर्वतन समिति की 9 मार्च 2026 को संपन्न हुई बैठक में आवेदित खसरा नंबरों में से खसरा नंबर 203 को छोड़कर शेष सभी खसरों (249/1, 268, 108, 275/1, 244, 233/1, 107, 273, 231/2) को प्लांट निर्माण के लिए आवंटित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था।

### सख्त शर्तों के साथ किया गया हस्तांतरण

प्रशासन ने इस भूमि हस्तांतरण के साथ कड़ी शर्तें भी लागू की हैं। विभाग को आवंटित भूमि का उपयोग केवल बायोमास प्लांट निर्माण के लिए ही करना होगा। किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग पाए जाने पर इसे शासन में निहित कर लिया जाएगा। इसके साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व नगर तथा ग्राम निवेश मंडला से अभिन्यास अनुमोदन कराना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने तहसीलदार नैनपुर को आदेशित किया है कि वे भूमि का विधिवत कब्जा आवेदक विभाग को सौंपकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।



# हादसों को न्यौता देता देवरी कला का स्कूल मार्ग

प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश, स्कूल के सामने ब्रेकर लगाने की उठी मांग

नारायणगंज। स्थानीय देवरी कला बावलिया में बस स्टैंड के समीप संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के सामने से गुजरने वाले भारी वाहनों ने बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहाँ से फूल सागर निवास के लिए मार्ग संचालित है, जहाँ दिन-भर बसों और हाईवा ट्रकों का जमावड़ा लगा रहता है। स्कूल और अस्पताल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों के कारण हमेशा किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

ग्राम पंचायत देवरी कला द्वारा पिछले दो वर्षों से लगातार मंडला कलेक्टर से बस स्टैंड, स्कूल के सामने, अस्पताल चौराहा और खेर माई मंदिर के पास स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की जा रही है। लेकिन प्रशासन की सुस्ती के कारण अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### बम्होरी की घटना से सहमे ग्रामीण

हाल ही में सागर बम्होरी में आंगनबाड़ी से निकली ढाई साल की मासूम को हाईवा ट्रक द्वारा रौंदने की हृदय विदारक घटना के बाद ग्रामीण डरे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बमोरी में तो हादसा होने के बाद ब्रेकर बना दिए गए, क्या प्रशासन बावलिया, खारी, रिपटा, जेवरा, सिंगपुर और पिपरिया में भी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। ग्राम पंचायत सरपंच देवचरण पंद्राम, उप सरपंच संजय सोनी एवं समस्त ग्रामीण जनों ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि बावलिया बस स्टैंड और स्कूलों के पास अविलंब ब्रेकर बनवाए जाएं, जिससे क्षेत्र के बच्चों और राहगीरों को सुरक्षित किया जा सके।

## संदीप सोनी बने जिला कांग्रेस के महासचिव



नारायणगंज। जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए नारायणगंज के युवा नेता संदीप सोनी को जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति को जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर मगनलाल सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, मल्लू सिंह मरावी, नरेश सोनी, सुरेश बढ़गैयि, रघुनंदन सोनी, गणेश पाठक, राममिलन, दीपचंद विश्वकर्मा, सुनील मलगाम, गुलाब सिंह और दादू लाल सहित अनेक इष्ट मित्रों व शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मरीजों और राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्याऊ की स्थापना




नारायणगंज स्वास्थ्य केंद्र में जल मंदिर का शुभारंभ

नारायणगंज। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं आर्थिक व सांख्यिकी विभाग के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नारायणगंज विकासखंड में सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज परिसर में नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जल मंदिर (निशुल्क प्याऊ) का विधिवत शुभारंभ किया गया।

### मरीजों और परिजनों को मिलेगी सुविधा

इस जल मंदिर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों, उनके साथ आए परिजनों और वहां से गुजरने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी के दौरान शुद्ध और शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने जनसमुदाय से जल के सदुपयोग की अपील की और पशु-पक्षियों व जरूरतमंदों के लिए जल सेवा मुहिम में जुड़ने का आह्वान किया।

### जनभागीदारी से बढ़ रहा अभियान

जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सीबीएमओ डॉ. एएल कोल, भाजपा मंडल अध्यक्ष किसन तेकाम, ग्राम पंचायत पड़रिया सचिव अभिषेक शर्मा, प्रशांत सोनी, रेवत सिंह, शैलेन्द्र, एवं परिषद की टीम से केके झारिया, राकेश कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेश कुमार सोनी, सुमित हथाले, अनुराग श्रीवास्तव, दुर्गेश रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं और परामर्शदाताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## एबीवीपी ने तहसील प्रांगण में शुरू किया जल मंदिर




नैनपुर। भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नैनपुर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत नैनपुर तहसील प्रांगण में जल मंदिर (निशुल्क प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के अंतर्गत परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आम जनता की सेवा के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है।

जल मंदिर का विधिवत शुभारंभ प्रांत सह संयोजक प्रिंस सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल शैक्षणिक मुद्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि जब भी समाज को आवश्यकता होती है, संगठन पूर्ण सहयोग के लिए तत्पर रहता है। शहर के प्रमुख स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था करना इसी सेवा भाव की एक कड़ी है। इस दौरान मंडला महाविद्यालय से प्रलय वरकड़े सहित नगर इकाई के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिषद के इस कार्य की तहसील परिसर में आने वाले नागरिकों और राहगीरों द्वारा सराहना की जा रही है।

# बरिया में श्री संकट मोचन हनुमान की हुई प्राण प्रतिष्ठा

तीन दिवसीय अनुष्ठान से भक्तिमय हुआ वातावरण



भुआबिछिया। ग्राम पंचायत केवलारी के दानीटोला रोड स्थित वरदान मठ परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में श्री संकट मोचन हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

बताया गया कि आयोजन के प्रथम दिन गंगा पूजन एवं जलाधिवास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दूसरे दिन अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास और शय्याधिवास जैसी महत्वपूर्ण धार्मिक रस्मों के बाद विधि-विधान से मूर्ति की स्थापना की गई। आचार्य पंडित राम गोपाल शास्त्री (नीलू महाराज) के सानिध्य में संपन्न हुए इस अनुष्ठान में उप सरपंच देवेंद्र जागेश्वर यादव मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे।

**भंडारे और महाप्रसाद के साथ हुआ समापन**-इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक नारायण पट्टा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सुधीर कांसकार, मुकेश सोनी, बिछिया जनपद सीईओ, और कृषि विस्तार अधिकारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने मंदिर पहुँचकर श्री संकट मोचन हनुमान जी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे और महाप्रसाद के वितरण के साथ इस धार्मिक महोत्सव का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## लगुन कार्यक्रम में पहुंची किशोरी का अपहरण, दरिंदगी की कोशिश

चरगवां। चरगवांथाना क्षेत्र के एक गांव में लगुन कार्यक्रम में डीजे की धुन के बीच एक सिरफिरे युवक ने भीड़भाड़ का फायदा उठाकर एक किशोरी के साथ दरिंदगी की कोशिश की। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 16 वर्षीय किशोरी अपने परिजनों के साथ मामा के घर आयोजित लागुन कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। रात करीब 1:30 बजे जब पूरा परिवार डीजे की धुन पर जश्न में डूबा हुआ था, तभी गांव के ही 20 वर्षीय युवक शैलेंद्र झारिया ने किशोरी को अकेला पाकर दबोच लिया। आरोपी ने युवती का मुंह मजबूती से दबा दिया ताकि उसकी आवाज बाहर न निकल सके।

# बच्चों के मानसिक विकास और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर दिया जोर

कुपोषण के खिलाफ एकजुट हुआ समाज, विशेषज्ञों ने दिए निर्देश, भीमडोंगरी में पोषण पखवाड़ा बैठक




भुआ बिछिया। महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना मवई के अंतर्गत ग्राम पंचायत भीमडोंगरी में पोषण पखवाड़ा के उपलक्ष्य में सेक्टर खलोड़ी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस वर्ष अभियान का मुख्य केंद्र जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास विषय को रखा गया है।

बैठक में सीएचओ उर्वशी सनोडिया ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने मातृ-शिशु स्वास्थ्य, नियमित जांच और प्रसव पूर्व देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती कमली परस्ते ने विभाग द्वारा संचालित वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा की और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया।

**मस्तिष्क विकास के लिए खेल आधारित शिक्षा अनिवार्य**-चर्चा के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए पोषण के साथ स्वच्छता और समय पर टीकाकरण अनिवार्य है। विशेष रूप से 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए खेल-खेल में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया, जिससे उनका बौद्धिक विकास बेहतर हो सके। बैठक में इस बात पर भी बल दिया गया कि बच्चों के विकास में केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि परिवार और पूरे समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

इस बैठक में जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर, हनुमान जाट, इंजीनियर राजीव खोपरा गढ़े, सचिव जय सिंह धुर्वे, और रोजगार सहायक गुलाब ऊयके प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया और पोषण संबंधी संकल्प लिए।

निरीक्षण | सीएमएचओ कोठारी ने किया निरीक्षण, अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

# 100 बिस्तर के दो नए सिविल अस्पताल जल्द होंगे शुरू




नवभारत, जबलपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने रांझी और रामपुर छापर स्थित नवनिर्मित 100 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। डॉ. नवीन कोठारी ने वार्ड, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर और इमरजेंसी कक्ष का अवलोकन कर अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए।

जानकारी के अनुसार रांझी सिविल अस्पताल को लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है। वर्तमान में 40 बिस्तरों वाले इस अस्पताल को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 100 बिस्तरीय अस्पताल में बदला जा रहा है। यहां एक्स-रे, आधुनिक पैथोलॉजी सेंटर, ऑपरेशन थिएटर और आकस्मिक चिकित्सा कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. कोठारी के साथ डॉ. आदर्श विश्नोई और एनएचएम इंजीनियर दिव्या गुप्ता भी मौजूद रहीं।

### नए सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

इसके बाद टीम ने रामपुर छापर में लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहे नए सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने विश्वास जताया कि दोनों सर्वसुविधायुक्त अस्पताल जल्द ही आम जनता के लिए शुरू किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

## 10 तोला चांदी, आधा तोला गोल्ड समेत नकदी चोरी

जबलपुर। माढ़ोताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक प्राइवेट स्कूल शिक्षिका के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने 10 तोला चांदी, आधा तोला गोल्ड समेत नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रत्ना विश्वकर्मा एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। बुधवार शाम करीब 7:45 बजे वे अपने घर का ताला लगाकर डॉक्टर के पास गई थीं ।जब वे रात करीब 10 बजे वापस लौटीं, तो उनके होश उड़ गए। घर के मुख्य गेट और अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता ने जब अलमारी की जांच की, तो उसमें रखे रखी 10 तोला चांदी की पायल, आधा तोला सोने के कान के बाले, एक सोने की नत्थ, 10,000 रुपये नकद गायब थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।


# पारिवारिक संकट दूर करने का झांसा देकर 17.65 लाख की ठगी

जबलपुर से नागपुर तक फैला तांत्रिकों का जाल, एफआईआर दर्ज

जबलपुर। अंधविश्वास और मजबूरी का फायदा उठाकर ठगों ने सिवनी जिले के घंसौर निवासी एक युवक को अपना शिकार बनाया है। जालसाजों ने खुद को तांत्रिक बताते हुए पारिवारिक समस्याओं के समाधान का झांसा देकर पीड़ित से किस्तों में कुल 17,65,000 रुपये हड़प लिए। ठगी की यह साजिश ग्वारीघाट से शुरू होकर नागपुर तक पहुंची और अब आरोपी पीड़ित पर इलाहाबाद जाने का दबाव बना रहे हैं। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्वारीघाट से बिछाया बातों का जाल

पीड़ित चन्द्रकांत सोनी पिता रविशंकर सोनी (31) निवासी घंसौर, जिला सिवनी ने बताया कि नवंबर माह में जब वे जबलपुर के ग्वारीघाट गए थे, तब वहां उन्हें दो अज्ञात व्यक्ति मिले। इनमें से एक ने अपना नाम सुभाष बताया। आरोपियों ने बड़ी ही चालाकी से चन्द्रकांत को अपनी बातों में उलझाया और दावा किया कि वे उनकी पारिवारिक समस्याओं को जड़ से खत्म कर सकते हैं।




### दवाइयों के नाम पर वसूली

आरोपियों ने पीड़ित को डराकर पहले दमोहनाका स्थित साईनाथ आयुर्वेदिक दुकान से कुछ दवाइयां दिलाईं, जिसके बदले उनसे 5,25,000 रुपये ले लिए गए। जब पीड़ित को कोई फायदा नहीं हुआ, तो आरोपियों ने नया पैंतरा चला और उन्हें नागपुर बुलाया। नागपुर के ईमानबाड़ा चौराहा स्थित पंचवटी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी दुकान पर ले जाकर पीड़ित से दोबारा भारी भरकम रकम वसूली गई। चन्द्रकांत ने बताया कि नागपुर में उन्होंने 11,76,000 रुपये नकद और 64,000 रुपये फोन-पे के माध्यम से, यानी कुल 12,40,000 रुपये दिए।

### अब 7.50 लाख के लिए बना रहे दबाव

इतनी बड़ी रकम गंवाने के बाद भी जब समस्याओं का अंत नहीं हुआ, तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। अब पिछले दो महीनों से आरोपी लगातार फोन कर पीड़ित को इलाहाबाद बुला रहे हैं और वहां 7.50 लाख रुपये की और दवाइयां लेने का दबाव बना रहे हैं। चन्द्रकांत सोनी ने अब कोतवाली थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि ये लोग तांत्रिक बनकर भोले-भाले लोगों को लूट रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है